Sale deed  Value 380,000/-  Mouza - Simdega
Area 10 (Ten) Dec Residential
Rect 1P.  E-stamp 15200/-  Map attached
Fee paid



Adi - 11400=00
CHC 114=00
Scl - 2=50
ag. P. fee - 0=94
11517=44

u/s 18/7/16

[illegible]

2.5.1 A with due permission
L.R.D.C. Simdega
vide case no. 1721
2015-16
order dt.
04.5.16

18.7.16

§1§ लेख्यकारी :- श्री बन्धन माँझी पिता स्व0 सोमा माँझी, जाति- गोंड़, पेशा- खेती गृहस्थी, साकिन मौजा- सिमडेगा गड़हाटोली, थाना- सिमडेगा, जिला- सिमडेगा ।

फोटो पहचान पत्र संख्या एल.सी.आर.0679233
गढ़ाटोली, वार्ड न0 18, .. .. .. बिक्रेता ।

शपथ-पत्र संख्या :- 227/2016

§2§ लेख्यधारी :- श्री आनन्द प्रकाश केरकेट्टा पिता स्व0 सिमोन केरकेट्टा, जाति- खड़िया, पेशा- खेती गृहस्थी, साकिन मौजा- जमादोहर सोरेटोली, थाना- सिमडेगा, जिला- सिमडेगा
आधार कार्ड संख्या 7169 0909 7236

.. भारतीय नागरिक .. क्रेता ।

शपथ-पत्र संख्या :- 228/2016

§3§ लेख्यप्रकार:- विक्रय पत्र केवाला बैला कलामी पुत्र पुत्रादिक हमेशा के लिए ।

§4§ मूल्य:- मोबलिग तीन लाख अस्सी हजार रूपये अंके 3,80,000/- रूपये होता है ।

§5§ सम्पति:- एराजियात दस डिसमिल जमीन अंके 0.10 एकड़ जमीन हकियत कास्त कायमी रैयती खतियानी, जिसका पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है :-

§1§ चूँकि मुझ लेख्यकारी को मकान बनाने वो अन्य खर्च हेतु रूपये की सख्त आवश्यक्ता है । किन्तु रूपये पाने का कोई भिन्न उपाय नहीं है सिवाय जमीन रैयती बेचने के । फलतः मैंने उक्त लेख्यधारी से मेरी जमीन खरीदने की प्रार्थना की और उन्होंने जमीन लेना स्वीकार किया । किन्तु हम उभय पक्ष अनुसूचित जनजाति के सदस्य हैं । फलतः मैंने जमीन बेचने की अनुमति हेतु एक आवेदन अन्दर दफा 46 छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत न्यायालय श्रीमान् उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, सिमडेगा के अदालत में दायर किया । जिसका मुकदमा संख्या 172/2015-16 है । तद्नुसार मेमो नं० 57§।§ रेवेन्यू दिनांक 04.5.2016 ई० को जमीन बेचने की अनुमति प्राप्त हुआ । मैंने वर्णित मूल्य नगद वसूल वो अदाय पाकर अपनी मन इच्छा वो शरीर की स्वस्थता में रहकर यह विक्रय पत्र केवाला लिख दिया कि प्रमाण रहे ।

§2§ मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि वर्णित बिक्रीत जमीन पर मेरा निर्विवाद हक एवं दखल कब्जा है तथा किसी प्रकार का कोई भार या झगड़ा झंझट नहीं है । वर्णित जमीन के खतियानी रैयत अकबर गोंड़ वो जेधर गोंड़ वो रामदेव गोंड़ वो सहदेव गोंड़ वो महेन्दर गोंड़ वो कोन्दा गोंड़ थे । खतियानी रैयतों के बीच

जमीन का आपसी भैयादी बँटवारा हुआ जिसमें वर्णित जमीन मेरे दादा सहदेव गोंड़ को हिस्सा में मिला । सहदेव गोंड़ की मृत्यु के पश्चात मेरे पिता उत्तराधिकारी के आधार पर जमीन पर दखलकार हुए एवं उनकी मृत्यु के पश्चात मैं जमीन पर उत्तराधिकारी के आधार पर दखलकार हुआ । वर्णित जमीन का सरकारी मालगुजारी रसीद मेरे बड़े दादा अकबर गोंड़ वगैरह के नाम से कटती है, पंजी II के भोल्यूम I, पेज संख्या I में दर्ज है । अब से उक्त जमीन का सारा हक लेख्यधारी को हस्तान्तरित कर दिया । अब इसपर मेरे किसी प्रकार का कोई हक सरोकार रहा न रहेगा न ही मेरे किसी भी उत्तराधिकारी या स्थानापन्न का ।

§3§ चाहिए कि लेख्यधारी अपनी खरीदगी जमीन पर दखलकार होकर वो रहकर जैसा उन्हें सुविधा हो आबाद करें वो झारखण्ड सरकार वजरिये अंचल अधिकारी, सिमडेगा के जमीन्दारी सिरिस्ते से अपने नाम दाखिल खारिज कराकर निश्चित लगान की खास रसीद लिया करें ।

§4§ जमीन का पूरा विवरण:- अन्दर मौजा- सिमडेगा खैरनटोली, वार्ड नं0 18, थाना नं0 116, थाना- सिमडेगा, सदर रजिस्ट्री आॅफिस वो जिला- सिमडेगा के खाता नं0 I §एक§ प्लाॅट नं0 2956 §उनतीस सौ छप्पन§ रकबा 3.06 एकड़ में से 0.10 एकड §दस डिसमिल§ वर्णित जमीन आवासीय है जिसपर किसी प्रकार का मकान सहन या निर्माण नहीं है एवं अन्य सड़क पर अवस्थित है ।

जिसकी चौहद्दी:-

उत्तर:- इसी प्लाॅट में छोड़ा गया 8 फीट का कच्चा रास्ता,

दक्षिण:- प्लाॅट नं0 2958 टांड़,

पूरब :- इसी प्लाॅट का अंश नीज बिक्रेता,

पश्चिमः- इसी प्लॉट में छोड़ा गया 6 फीट का कच्चा रास्ता,

मालगुजारी । पैसा (एक पैसा) अलावे सेस सलाना ।

मैं लेख्यकारी यह घोषणा करता हूँ कि विक्रीत जमीन वो बचत जमीन सिलिंग के अन्तर्गत नहीं आता है ।

रेखा रानी
कंचन मांझी
द: की: राजेश लकड़ा
ता: 15/7/2016

प्रमाणित किया जाता है कि विक्रेता के बाएं हाथ के पांचों अंगुलियों का छाप मेरे समक्ष लिया गया।

15.7.16

मैं लेख्यधारी यह घोषणा करता हूँ कि पूर्व में धारित जमीन वो खरीदगी के बाद कुल धारित जमीन सिलिंग के अन्तर्गत नहीं आता है ।



आनन्द प्रकाश केरकेट्टा
15.7.2016

प्रमाणित किया जाता है कि क्रेता के बाएं हाथ के पांचों अंगुलियों का छाप मेरे समक्ष लिया गया।

15.7.2016

उभय पक्षों के कहे अनुसार इस विक्रय पत्र दस्तावेज का प्रारूप तैयार किया एवं उनको गवाहों के समक्ष पढ़कर सुना वो समझा दिया जिसे उन्होंने स्वीकार किया ।

सही/- Ramendra Nag. Adv.

{प्रारूपकर्त्ता}
तारीख:- 15.7.2016.

प्रमाणित किया जाता है कि यह विक्रय पत्र दस्तावेज कुल पाँच पन्नों का है जो खण्डन रहित वो नक्सा सहित है ।

टंकक
मो० मकसुद
15-7-2016
मो० मकसुद
कचहरी परिसर,
सिमडेगा ।

**संलग्नक:-**

1. बिक्रेता, क्रेता एवं पहचानकर्त्ता के आधार कार्ड का छायाप्रति,
2. खाता नं० [illegible] के खतियान की सत्यापित प्रति,
3. मालगुजारी रसीद की छायाप्रति,
4. आदेश एवं अंचल रिपोर्ट की सच्ची प्रमाणित प्रतिलिपि,
5. शेड्यूल का मूल प्रति,
6. सर्वे नक्सा का छायाप्रति एवं ट्रेस नक्सा का मूल प्रति,
7. फार्म संख्या 1 का मूल प्रति,